ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल द्वारा आज राजभवन, बिहार की नयी वेबसाइट लांच की गई

पटना, 18 सितम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान द्वारा आज राजभवन, बिहार की नयी विकसित वेबसाइट **www.governor.bih.nic.in** लांच की गई।

इस अवसर पर बोलते हुए राज्यपाल–सह–कुलाधिपति ने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी के तकनीकी विकास–युग में संचार–सुविधाओं का समुचित लाभ जन–जन तक पहुँचना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजभवन का नया विकसित वेबसाइट जो आज लांच किया गया है, उसके माध्यम से राजभवन से संबंधित सभी प्रकार की महत्वपूर्ण सूचनाएँ, प्रकाशन, विज्ञापन, अभिलेख आदि सर्वजन सुलभ हो सकेंगे। विश्वविद्यालय की वेबसाइटों से इस वेबसाइट की इन्टरलिंकिंग हो जाने से राज्य के विश्वविद्यालयों से संबंधित सूचनाएँ भी इच्छुकों को सहज रूप से उपलब्ध हो जाएँगी।

ज्ञातव्य है कि इस वेबसाइट पर राज्यपाल सचिवालय के सभी महत्वपूर्ण प्रकाशन, सूचनाएँ, प्रेस–विज्ञप्तियाँ, फोटोग्राफ्स, पत्र–परिपत्र, अधिसूचनाएँ, पुराने महामहिम राज्यपालों की कार्यावधि सहित सूची, राजभवन में कार्यरत पदाधिकारियों के नाम, पदनाम, दूरभाष नं॰ आदि भी उपलब्ध कराये गए हैं। इस नये वेबसाईट पर राजभवन के इतिहास, विरासत एवं महत्वपूर्ण गतिविधियों विषयक फोटोग्राफ्स भी उपलब्ध कराये गए हैं। इस वेबसाइट की एक खासियत यह भी है कि इसके जरिये माननीय राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, माननीय गृहमंत्री, यू॰जी॰सी॰, भारत सरकार के शिक्षा विभाग, राज्य के शिक्षा विभाग आदि की महत्वपूर्ण लिंके भी उपलब्ध कराई गयी हैं।

नयी विकसित वेबसाइट की लांचिंग के लिए एन॰आई॰सी॰ को धन्यवाद दिया गया।

वेबसाइट की लांचिंग के दौरान राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, विशेष पदाधिकारी (विश्वविद्यालय) श्री एम॰पी॰ मिश्रा सहित राजभवन के सभी वरीय अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

....